प्रेस विज्ञप्ति

छात्रों के प्लेसमेंट में अब एकेटीयू निभायेगा महत्वपूर्ण भूमिका

शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी में अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ के विश्वविद्यालय उद्योग इंटरफेस सैल की निदेशक डॉ. बबीता कटारिया ने भ्रमण किया।

संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने डॉ. बबीता कटारिया का स्वागत किया।

डॉ. बबीता कटारिया ने छात्रों को विश्वविद्यालय उद्योग इंटरफेस सैल की जानकारी देते हुये इससे जुड़ने की अपील की और बताया कि किस प्रकार विश्वविद्यालय उद्योग इंटरफेस सैल छात्र के प्लेसमेंट में अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय उद्योग इंटरफेस सैल डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ का प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग है। एकेटीयू द्वारा एकेटीयू के कुलपति श्री विनय कुमार पाठक के मानदंड और मार्गदर्शन के अनुसार विश्वविद्यालय उद्योग इंटरफेस सैल की स्थापना की गई है। इसका उद्देश्य एकेटीयू सम्बद्ध कालेजों के सभी छात्रों को अवसर प्रदान करना है। इससे छात्रों में उद्योग की आवश्यकताओं की समझ बढ़ेगी और उन्हें अपने कौशल निर्माण में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम के अंत में संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने डॉ. बबीता कटारिया को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इस अवसर पर संस्थान के डीन फैकल्टी डॉ. हरेन्द्र सिंह, डीन स्टूडेंट वैलफेयर डॉ. संदीप अग्रवाल, डीन रिसर्च एण्ड डवलपमेंट डॉ. एम.एस. गौर, संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष, समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।